केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
Joint Entrance Examination (Main) Unit

के.मा.शि.बो./जे.ई.ई./2018-19 **01/05/2018**

<u>जन सूचना</u>

<u>जे.ई.ई. (मेन)-2018 (पेपर-2) की ओएमआर शीट की स्कैन्ड ईमेज़,अंकित किए हुए उत्तरों का सत्यापन और उत्तर कुंजी का प्रदर्शन</u>

- सभी उम्मीदवारों, जो जे॰ई॰ई॰(मेन)-2018 (पेपर-2) की 08/04/2018 को आयोजित पेन पेपर आधारित परीक्षा में सम्मिलित हुए है, को सूचित किया जाता है कि उम्मीदवारों की ओएमआर शीट की स्कैन्ड ईमेज़ के साथ उनके द्वारा अंकित किए हुए उत्तरों और उत्तर कुंजी को वैबसाइट www.jeemain.nic.in पर 10/05/2018 से 13/05/2018 (रात्रि 11.59) तक अपलोड किया जाएगा। इन उम्मीदवारों को अंकित किए हुए उत्तरों को, यदि ये उनके द्वारा ओएमआर शीट पर चिह्नित किए हुए उत्तरों से भिन्न हो, आपत्ति करने की अनुमति है।
- ओएमआर शीट पर चिह्नित किए हुए उत्तरों तथा उत्तर कुंजी पर आपत्ति केवल ऑनलाइन माध्यम से जे॰ई॰ई॰(मेन) की वैबसाइट www.jeemain.nic.in पर उपलब्ध लिंक के द्वारा 10/05/2018 से 13/05/2018 (रात्रि 11.59) तक स्वीकार की जाएगी। डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से भेजी गयी आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। आपत्ति करने के लिए निर्धारित शुल्क रु.1000/- प्रत्येक अंकित उत्तर/प्रति प्रश्न के लिए देय होगा जो क्रेडिट/डेबिट कार्ड, Paytm, SBI Buddy के द्वारा 13/05/2018 (रात्रि 11.59) तक भुगतान करना होगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं होगा । शुल्क की वापसी (स्वीकार की गयी आपत्तियों, यदि कोई हो तो) संबन्धित क्रेडिट/डेबिट कार्ड खाते मे ऑनलाइन अंतरित की जाएगी अतः उम्मीदवारों को अपने क्रेडिट डेबिट कार्ड से ही भुगतान करने की सलाह दी जाती है।
- यदि बोर्ड के द्वारा आपत्ति स्वीकार की जाती है अर्थात यदि अंकित उत्तर उम्मीदवार द्वारा ओएमआर शीट पर चिह्नित से भिन्न है तो इसमे सुधार कर दिया जाएगा तथा शुल्क वापस कर दिया जाएगा।यदि कोई पंजीकृत उम्मीदवार निर्धारित तिथि एवं समय तक आपत्ति नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि उसके अंकित उत्तर उसके द्वारा ओएमआर शीट पर चिह्नित उत्तरों के समान है। आपत्तियों पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस बारे में आगे कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- इसी प्रकार यदि उत्तर कुंजी में कोई आपत्ति बोर्ड द्वारा स्वीकार की जाती है अर्थात यदि विषय विशेषज्ञों द्वारा उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि पायी जाती है तो एक नीतिगत निर्णय वैबसाइट पर अधिसूचित कर दिया जाएगा जो परीक्षा में सम्मिलित सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा और शुल्क वापस किया जाएगा। आपत्तियों पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस बारे में आगे कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

<u>अधिशासी निदेशक</u><u>(JAB)</u>

H-149, Sector - 63, Noida - 201309 (U.P.)
Phone: 7042399520, 7042399521, 7042399525, 7042399526, 7042399529
Website: www.jeemain.nic.in, E-mail: jeemain@nic.in

CBSE/JEE/2018-19 01/05/2018

PUBLIC NOTICE

Verification of Scanned Images of OMR Answer Sheets, Recorded Responses & Display of Answer Key of Paper – 2 of JEE (Main) – 2018

- All the candidates who appeared in pen and paper based examination of JEE (Main) - 2018 **(Paper- II)** held on 08/04/2018 are informed that the scanned images of OMR answer sheets of the candidates with their recorded responses and answer keys will be uploaded on the website www.jeemain.nic.in from 10/05/2018 से 13/05/2018 till 11.59 PM. Such candidates are allowed to challenge the recorded responses if these differ from the ones they had marked on the OMR sheet.

- The challenge of recorded responses on OMR answer sheets and answer keys will be accepted online only, through the link available on the website www.jeemain.nic.in from 10/05/2018 से 13/05/2018 till 11.59 PM. The challenges submitted by post or in person will not be accepted. The prescribed fee of Rs. 1000/- per recorded response/answer key challenged will be required to be paid only through Credit/Debit Card, Paytm, SBI-buddy upto 13/05/2018 till 11.59 PM. The fee once paid is non-refundable. The refund (of accepted challenges, if any) will be transferred online to the concerned credit/debit card account, so, the candidates are advised to pay from their own credit/debit card.

- If the challenge is accepted by the Board i.e. if the recorded response is not the same as marked by the candidate on OMR sheet, the correction will be done and the fee will be refunded. In case, any registered candidate does not submit the challenge by the prescribed date and time, it will be presumed that his/her recorded response is the same as marked on OMR sheet. The CBSE's decision on the challenges shall be final and no further communication will be entertained.

- Similarly, if the challenge is accepted by the Board in the answer key i.e. if any mistake is noticed by the subject experts in the answer key, a policy decision will be notified on the website which will be applicable to all the candidates appeared in the examination and fee shall be refunded. The CBSE's decision on the challenges shall be final and no further communication will be entertained.

Executive Director (JAB)

H-149, Sector - 63, Noida - 201309 (U.P.)
Phone: 7042399520, 7042399521, 7042399525, 7042399526, 7042399529
Website: www.jeemain.nic.in, E-mail: jeemain@nic.in